अनुक्रमांक.....

नाम.....

D/21-22

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 02

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-2022

विषय – हिन्दी

समय – 3 घंटा | कक्षा – 9 | पूर्णांक – 80

नोट – सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिये।** 10

निंदा का उदगम ही हीनता और कमजोरी से होता है। मनुष्य अपनी हीनता से दबता है। वह दूसरे की निंदा करके ऐसा अनुभव करता है कि वे सब निकृष्ट हैं और वह सबसे अच्छा है। उसके अहं की इससे तुष्टि होती है। बड़ी लकीर को मिटाकर छोटी लकीर बड़ी बनाता है। वह ज्यों–ज्यो कर्मक्षीण होता जाता है। त्यों–ज्यों निंदा की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है।

(क) निंदा का उदगम क्या है ?

(ख) निंदा करने वाला क्या कहलाता है ?

(ग) दूसरे की निंदा करने वला क्या अनुभव करता है ?

(घ) निंदा की प्रवृत्ति कब बढ़ती है ?

(ड़) इस गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक लिखिए।

2. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 शब्दों का निबन्ध लिखिए–** 10

(क) पर्यावरण प्रदूषण– (i) प्रस्तावना **(ii)** प्रदूषण के प्रकार **(iii)** उपसंहार (जन–जीवन पर प्रदूषण का प्रभाव व निवारण के उपाय)

(क) जीवन में खेलकूद का महत्व–

(i) प्रस्तावना **(ii)** जीवन में खेल का महत्व **(iii)** खेलों से लाभ **(iv)** उपसंहार

3. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को दो दिन का अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

4. **(क) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये–** 2

(अ) कलेजा धक–धक करना (ब) घी के दीये जलाना

(ख) निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिये– 2

(अ) नदी (ब) चन्द्रमा

(ग) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग एवं प्रत्यय छाँटकर लिखिये। 2

(अ) अनुपालन (ब) बनावट

(घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिये– 2

(अ) प्रत्यक्ष (ब) विपक्ष (स) स्वाधीन (द) सफल

(ड़) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम शब्द लिखिये– 2

(अ) धरती (ब) धरम (स) पंछी (द) सच

5. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिये–**

क्या गाती हो ?
क्यों रह–रह जाती हो ?
कोकिल बोलो तो !
क्या लाती हो ?
संदेशा किसका है ?
कोकिल बोलो तो।

(क) पद्यांश का अर्थ स्पष्ट कीजिये। 2

(ख) कवि व कविता का नाम स्पष्ट कीजिये। 2

अथवा

"खा–खाकर कुछ पाएगा नहीं,
न खाकर बनेगा अहंकारी।
सम खा तभी होगा समभावी,
खुलेगी साँकल बंद द्वार की।"

(क) कवयित्री तथा कविता का नाम लिखिये। 2

(ख) 'बन्द द्वार' से क्या अभिप्राय है ? 2

6. निम्न गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

सालिम अली प्रकृति की दुनिया में एक टापू बनाने के बजाए अथाह सागर बनकर उभरे थे। जो लोग उनके भ्रमणशील स्वभाव व उनकी यायावरी से परिचित हैं उन्हें महसूस होता है कि वो आज भी पक्षियों के सुराग में ही निकले हैं।

(क) पाठ व लेखक का नाम लिखिये। 2

(ख) सालिम अली टापू बनाने के बजाए अथाह सागर थे, से क्या अभिप्राय है ? 2

7. पाठ्य पुस्तक क्षितिज की कविताओं के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

(क) 'ज्ञानी' से कवियित्री का क्या अभिप्राय है ? 2

(ख) गोपी को कृष्ण की बाँसुरी अपने होठों पर रखने से क्या आपत्ति है ? 2

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

(क) कोरोना महामारी (कोविड–19) से बचने के उपाय लिखिए। 3

(ख) सच्चे मित्रों की क्या पहचान होती है ? क्या हीरा और मोती सच्चे मित्र हैं ? 3

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिये–

(क) अपनी देखी सुनी किसी आपदा का वर्णन कीजिये। 3

(ख) शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है। इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए । 3

10. निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिये– 6

गंगा तीरे एकः साधुः आसीत। सः साधुः बहुउपकारं करोति स्म। यः अपकारं करोति तस्यापि उपकारं करोति स्म। एकस्मिन दिने सः स्नानं कर्तु नदीं गतवान्। नदी प्रवाहे एकं वृश्चिक दृष्टवान्। तं हस्तेन गृहीतवान।

(क) गंगा तीरे कः आसीत ? (ख) साधु प्रतिदिनं किं करोति स्म ?

(ग) साधु नदी प्रवाहे किं दृष्टवान् ?

11. निम्नलिखित श्लोक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये– 4

"मनसा संतत् स्मरणीयम्
वचसा संतत् वंदनीयम्
लोकहितं मम् करणीयम् ।। लोकहितम्"

(क) मनसा संतत् किं करणीयम् ? (ख) वचसा किम् करणीयम् ?

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिये– 3

(क) सर्पः किम इच्छति ? (ख) शूलपाणिः कस्य पर्यायः अस्ति ?

(ग) रुपकुण्डं किम् अस्ति ?

13. (क) सन्धि विच्छेद कीजिये– 2

(अ) सूर्योदय (ब) हिमालय (स) विद्यालय (द) स्वागतम

(ख) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो उपसर्गों को लगाकर दो शब्द बनाइये–** 2

(अ) पृ (ब) सु (स) उप (द) प्रति

14. दो बैलों की कथा का सारांश विस्तार में लिखिये। 4